# डिप्टी सीएम के क्लास लेने के बाद भी भगवान भरोसे यातायात व्यवस्था

## सभी मार्गों में लग रहा जाम, आम आदमी जाम से हलाकान, अस्थाई अतिक्रमण जाम का कारण



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, शहर के अंदर मुख्य सड़को एवं बाजार में लग रहे जाम से आखिरकार निजात कब मिल पाएगी कुछ कहा नही जा सकता. शादी-ब्याह के सीजन में लग रहे जाम में खुद नेता और अधिकारी भी फसते है. बावजूद इसके बिगड़ी यातायात व्यवस्था पटरी पर नही आ रही है.**

डिप्टी सीएम राजेन्द्र शुक्ला ने अधिकारियों के साथ बैठक लेकर यातायात व्यवस्था बेहतर बनाने के निर्देश दिये. उसके बाद भी कोई परिवर्तन देखने को नही मिल रहा है, ऐसा कोई मार्ग नही जहा जाम न लग रहा हो. एक दिन के लिये पुलिस अधीक्षक और निगम आयुक्त भी सड़को पर उतरे फिर भी कोई सुधार दिखाई नही दे रहा. यातायात थाने के पास जो बल है वह अपर्याप्त है, पिछले कई माह से बगैर डीएसपी के थाना चल रहा है डीएसपी की पदस्थापना नही की गई.

वाहनो की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है उस अनुरूप बल की कमी है. शहर में जाम लगने के पीछे अस्थाई अतिक्रमण और सड़को पर वाहन खड़ा कर देना जहा एक मुख्य वजह है वही यातायात पुलिस का सभी चौराहो पर तैनात न रहना भी एक कारण है. व्यंकट मार्ग, अमहिया, धोबिया टंकी, जयस्तंभ चौराहा, ढ़ेकहा तिराहा में आये दिन जाम लगता है लोग जाम से जूझते रहते है. लेकिन यातायात पुलिसकर्मी नजर नही आते.

### 10 तक शुरू होगा बाइपास

चोरहटा-रतहरा बाईपास में बीहर नदी के ऊपर बने पुल के क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण पिछले एक माह से वाहनो का आनाजान बंद है. जिसके कारण शहर के अंदर से दिन भर कार एवं अन्य वाहन निकलते है. जबकि रात 10 बजे के बाद से शहर के अंदर से भारी वाहनो का प्रवेश शुरू हो जाता है. जिसके कारण रात में शहर के अंदर जाम लगने के साथ सड़क दुर्घटनाएं हो रही है. बाईपास से 10 मई तक वाहनो का आना जाना शुरू हो जाएगा. पहले 30 अप्रैल तक होना था लेकिन काम पूरा न होने के कारण अब 10 मई तक समय बढ़ा दिया गया है. उम्मीद है कि मरम्मत कार्य समय पर पूरा कर लिया जायेगा.

### पार्किंग बनी सबसे बड़ी समस्या

शहर के अंदर व्यवसायिक काम्पलेक्स लगातार बन रहे है लेकिन पार्किंग की व्यवस्था नही की जा रही है. बेसमेंट पार्किंग में वाहन खड़े नही होते बल्कि यहा कबाड़ और सामान रखकर गोदाम के रूप में उपयोग किया जाता है. पार्किंग के अभाव में लोग सड़को पर गाड़ी खड़ा करते है. रीवा-प्रयागराज मार्ग में बड़े-बड़े शोरूम खुले है जहा पार्किंग की व्यवस्था नही है और सड़क पर गाडियां खड़ी होती है. यही हाल शहर के मुख्य बाजार का है, सड़क पर वाहन खड़े होने के कारण जाम लगता है. भले ही शहर के अंदर फ्लाई ओवर बन गया है बावजूद इसके जाम से निजात नही मिल रही है. कालेज चौराहा मार्ग में कई व्यवसायिक भवन बने है लेकिन ग्राहको की गाड़ी सड़क पर ही खड़ी होती है.

# शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में आज होगी नीट परीक्षा

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, रीवा शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में 3 मई एनटीए नीट यूजी 2026 परीक्षा का आयोजन किया जायेगा. परीक्षा को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं.**

उल्लेखनीय है कि नीट परीक्षा 3 मई को अपरान्ह 2 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित होगी. परीक्षा केन्द्र में रिपोर्टिंग का समय सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक निर्धारित किया गया है. यदि उम्मीदवार पारंपरिक पोशाक पहन रहे हैं तो उन्हें परीक्षा के दिन दोपहर 12.30 बजे तक आवंटित परीक्षा केन्द्र पर पहुंचना होगा. शहर के 12 परीक्षा केन्द्रों में 5236 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल होंगे. शहर में केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक, टीआरएस कालेज, पॉलिटेक्निक कालेज, एसके स्कूल, माडल हायर सेकेण्डरी स्कूल, पीके सांदीपनि स्कूल, मार्तण्ड क्रमांक एक, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल क्रमांक एक, मार्तण्ड क्रमांक 2, विधि महाविद्यालय, जीडीसी कालेज तथा पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक 2 में परीक्षा केन्द्र बनाये गये हैं. परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों को अपने साथ एनटीए वेबसाइट से डाउनलोड किये गये प्रवेश पत्र की प्रिंट कॉपी, पोस्टकार्ड साइज की एक फोटो, पासपोर्ट साइज के 2 फोटो, किसी एक अधिकृत फोटो आईडी की मूल तथा वैध प्रति (जैसे राशन कार्ड), व्यक्तिगत पारदर्शी पानी की बोतल, लड़कों के लिए हल्के कपड़े, जिनमें लंबे बाजू न हों, कोई फैंसी पॉकेट, जिपर या बैज न हो तथा लड़कियों के लिए हल्के कपड़े, जिनमें कढ़ाई या लंबे बाजू न हों; धातु की वस्तुओं से बचें तथा केवल लो-हील चप्पल

### परिजनों के लिए बनाए गए प्रतीक्षा स्थल

शहर में निर्धारित 12 परीक्षा केन्द्रों के समीप परीक्षार्थियों के परिजनों के लिए प्रतीक्षा स्थल निर्धारित किये गये हैं. परीक्षा केन्द्र पीएमश्री केन्द्रीय विद्यालय क्रमांक एक के समीप जयंती कुंज में, परीक्षा केन्द्र टीआरएस कॉलेज के समीप व्यंकट क्लब, परीक्षा केन्द्र पॉलिटेक्निक कालेज के समीप माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय, परीक्षा केन्द्र एसके स्कूल के समीप पचमठा, परीक्षा केन्द्र माडल हायर सेकेण्डरी स्कूल के समीप बोर्ड आफिस कैंपस, परीक्षा केन्द्र पीके सांदीपनि स्कूल के समीप राजहंस स्कूल में प्रतीक्षा स्थल बनाया है.

## संक्षिप्त



### सेवानिवृत्त पर दी गई विदाई

**रीवा,** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1 रीवा में कार्यरत व्यायाम निर्देशक पूर्व जिला खेलकुद आधिकारी रमेश अपनी अर्धवार्षिकीय पूर्ण होने पर गरिमामय ढंग से विदाई समारोह संस्था के प्राचार्य डॉ प्रेमलाल मिश्रा एवं सेवा निवृत्त प्राचार्य राजेन्द्र सिंह के अतिथ्य में संपन्न हुआ. बिदाई समारोह में माता सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ. रमेश सिंह के 39 वर्ष सेवा काल के संबंध चर्चा की गई. तत्पश्चात श्री सिंह को शाल श्रीफल, मोमेन्टम देकर सम्मानित किया गया. कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्रीमती शान्ती सिंह, पुत्र नितिन सिंह, रोहित सिंह, सौरभ सिंह, के साथ-साथ पिंकू तिवारी, जीतेन्द्र गुप्ता, अजय चतुर्वेदी, प्रदीप, रविकर पाण्डेय, इन्द्रेश तिवारी, धनंजय मिश्रा, अनीता सिंह के साथ सैकडो लोग बैण्डबाजे के साथ उपस्थित रहे. समारोह के अंत में सेवा निवृत्त क्रीडा अधिकारी ने स्कूल के बच्चो हेतु वाटर कूलर बच्चो एवं स्टाफ के लिये प्रदत्त करने की घोषणा की.

### विंध्य डान्स चैंपियनशिप 14 जून को

**रीवा,** शहर की प्रतिष्ठित संस्था डीसेंट डान्स परिवार द्वारा विगत कई वर्षों की भांति इस वर्ष भी आगामी 14 जून दिन रविवार को 'विंध्य डान्स चैम्पयनशिप' का आयोजन कृष्णा राज कपूर ऑडिटोरियम में आयोजित किया जा रहा है. उक्त कार्यक्रम के सम्बन्ध में संस्था की डायरेक्टर एकता वर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 14 जून को विंध्य डान्स चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है. जिसमे रीवा के साथ साथ सतना, कटनी, जबलपुर, सीधी, सिंगरौली, प्रयागराज जैसे कई शहरों से कई प्रतिभागी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे. कार्यक्रम में निर्णायक मण्डल के लिए वरिष्ठ एवं अनुभवी डान्स कोरियग्राफर्स की टीम गठित की गई है.

### जेएनसीटी में शुरू होंगे एआई-डीएस कोर्स

**रीवा,** विंध्य क्षेत्र के शैक्षणिक इतिहास में एक नया अध्याय जुड़ गया है. शहर के प्रतिष्ठित संस्थान जवाहरलाल नेहरू कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी को ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए 'एक्सटेंशन ऑफ अप्रूवल' जारी कर दिया है. इस मंजूरी के साथ ही जेएनसीटी रीवा का पहला ऐसा संस्थान बन गया है, जहां छात्र अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डेटा साइंस जैसे भविष्य के विषयों की पढ़ाई कर सकेंगे. रीवा में पहली बार बड़े शहरों जैसी हाई-टेक शिक्षा अब घर के पास अब तक विंध्य क्षेत्र के छात्रों को एआई और मशीन लर्निंग जैसी एडवांस ब्रांच के लिए महानगरों का रुख करना पड़ता था, लेकिन जेएनसीटी को मिली नई मान्यताओं के बाद अब स्थानीय स्तर पर ही ग्लोबल स्टैंडर्ड की शिक्षा उपलब्ध होगी. एआईसीटीई ने कॉलेज को बीटेक (एआई-एमएल) एवं बीटेक (एआई-डीएस) डिप्लोमा की शाखाओं के लिये हरी झंडी दी है. संस्थान के चेयरमैन डा. एस.एस तिवारी ने सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह कोर्स की शुरूआत करना हमारे लिये गौरव की बात है. अब विंध्य का युवा भी तकनीकी रूप से उतना ही सक्षम होगा जितना किसी बड़े महानगर का छात्र.

### ब्याज सहित भुगतान कराया जाए : किसान सुब्रत

**रीवा,** भारतीय किसान यूनियन मध्यप्रदेश प्रदेश के अध्यक्ष किसान सुब्रत ने मध्य प्रदेश सरकार, जिला प्रशासन, खाद्य विभाग से आग्रह किया है कि रीवा जिले मे जिन किसानो के स्लाट बुक हुए गेहू की तौल हो गयी आखिर उन किसानो को उनके गेहू के समर्थन मूल्य का भुगतान क्यो नही किया जा रहा है तत्काल ब्याज सहित भुगतान कराया जाय. कर्ज अदायगी, शादी, ब्याह, कृषि कार्य लगातार किसान परेशान है. किसान सुब्रत ने मध्यप्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि खरीदी की तारीख से आज तक खरीदी कितनी हुई? उठाव परिवाहन कितना हुआ? कितने किसानो का गेहू के समर्थन मूल्य का भुगतान आज नही हुआ है जानकारी ले समर्थन मूल्य का भुगतान ब्याज सहित भुगतान तत्काल कराया जाय.

### सिलेंडर के दाम बढ़ने से उपभोक्ता परेशान

**रीवा,** समता सम्पर्क अभियान के राष्ट्रीय संयोजक लोकतंत्र सेनानी अजय खरे ने कहा कि पांच राज्यों पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, असम, केरल और पुदुचेरी के मतदान ख़त्म होते ही केंद्र सरकार के द्वारा शुक्रवार 1 मई से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में 993 रुपये (47.8 प्रतिशत) की भारी भरकम अभूतपूर्व बढ़ोतरी का जनता पर सीधा असर हुआ है. श्री खरे ने कहा कि सिलेंडर कमर्शियल हो या घरेलू ईंधन गैस से पकाए जाने वाली खाने की वस्तुओं की उपभोक्ता जनता ही है, इससे हर उपभोक्ता प्रभावित हुआ है.

# देवर ने भाभी-भतीजी पर किया चाकू से हमला

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, मऊगंज जिले में देवर ने अपनी ही भाभी और भतीजी पर चाकू से हमला कर उन्हें घायल कर दिया है.**

पड़ोस में रहने वाले आरोपी देवर ने आधी रात पहले जमकर हंगामा किया और जब भाभी और भतीजी ने विरोध किया तो आरोपी देवर ने उन पर चाकू से हमला कर दिया. घायल मां बेटी के चेहरों पर गंभीर चोट आई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मऊगंज से रीवा रेफर कर दिया गया है. वहीं पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी पता तलाश शुरू कर दी. दरअसल मां बेटी पर हुए हमले की यह घटना जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र सहगना गांव की है. सहगना निवासी आरोपी भूपेंद्र सिंह ने पहले शराब के नशे में जमकर हंगामा करते हुए गाली गलौज की और जब भतीजी ने विरोध किया तो उसे पर चाकू से हमला कर दिया. आरोपी द्वारा किए गए हमले में घायल बेटी को देख जब मां बीच बचाव करने पहुंची तो आरोपी देवर ने भाभी के ऊपर भी चाकू से हमला कर दिया. फिलहाल देर रात हुई इस घटना में मां और बेटी बुरी तरह जख्मी हो गई, जिन्हे मऊगंज अस्पताल पहुंचाया गया. जहा से प्राथमिक उपचार के बाद रीवा रेफर कर दिया गया. मऊगंज एसडीओपी सची पाठक ने बताया कि नशे की हालत में आरोपी देवर ने अपनी भाभी और भतीजी पर चाकू से हमला किया है. मामले में आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उसकी पता तलाश की जा रही है.




# एक रात में दर्जन भर घायल, संजय गांधी अस्पताल का एमरजेंसी वार्ड फुल

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, रीवा में एक ओर जहां पुलिस सड़क सुरक्षा को लेकर जागरुकता अभियान चला रही है तो दूसरी तरफ शादी के सीजन में सड़क हादसो नें रफ्तार पकड़ ली है. हैरानी की बात यह है कि रीवा जिले में महज एक रात के भीतर दर्जनभर से अधिक सड़क हादसों की घटनाएं हुई है. जिससे अस्पताल में घायलों की संख्या अचानक बढ़ गई है.**

हालत यह है कि अस्पताल का एमरजेंसी वार्ड घायलों से भर गया, ऐसे में अस्पताल के वेटिंग हॉल और बरामदे पर चिकित्सक उपचार करते नजर आए है. इन हादसों में सबसे बड़ी बात यह है कि अधिकांश घायल नशे की हालत में मिले, जबकि कुछ शादी के सीजन में वैवाहिक कार्यक्रमों से आने जाने वाले शामिल थे. वहीं सड़क दुर्घटना में घायल हुए लोगों ने इन घटनाओं का जिम्मेदार प्रशासन को बताया. उनका कहना है कि शहर के अंदर देर रात तक बड़े वाहनों का आवागमन दुर्घटना का कारण है, साथ उखड़ी हुई सड़के और जगह जगह निर्माण कार्य भी हादसों की वजह बन रहे. घायलों का आरोप है कि शहर के अंदर का ट्रैफिक देर रात तक रहता है, भारी वाहनों का आवागमन दुर्घटना का कारण है, बाईपास बंद होने के कारण रात 10 बजे के बाद भारी वाहन शहर से ही गुजर रहे है जिसके कारण सड़क हादसे लगातार बढ़ते जा रहे है.

# रीवा में पटवारी संघ और कर्मचारी संघ आमने सामने

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, त्योंथर में पटवारी के साथ कथित मारपीट और अभद्रता का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है. मामले में अब पटवारी संघ और कर्मचारी संघ आमने सामने आ चुके है.**

दरअसल पटवारी द्वारा जनेह थाने में शासकीय कर्मचारी मनोज कुमार और पक्षकार अधिवक्ता के खिलाफ दर्ज कराई गई एफआईआर को लेकर बड़ा आरोप लगाया है. मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ का कहना है कि सिविल अस्पताल त्योंथर के सुपरवाइजर मनोज कुमार मिश्र को सुनियोजित तरीके से फर्जी मामले में फंसाया गया है और उन्होंने पूरे घटनाक्रम को दुर्भावनापूर्ण साजिश बताते हुए एफआईआर निरस्त करने की मांग उठाई गई है. दरअसल कर्मचारी संघ ने उपरोक्त मांगो से संबंधित ज्ञापन पत्र में बताया की 28 अप्रैल को भूमि सीमांकन के दौरान हुए मामूली विवाद को बढ़ाकर एससी-एसटी एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर दिया गया. संघ का आरोप है कि पटवारी हल्का बोना की ओर से व्यक्तिगत रंजिश के चलते यह कार्रवाई कराई गई. कर्मचारी संघ ने अनुविभागीय पुलिस दंडाधिकारी से निष्पक्ष जांच कर तत्काल एफआईआर निरस्त करने और झूठा मामला दर्ज कराने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है. चेतावनी दी गई है कि कार्रवाई न होने पर उग्र आंदोलन किया जाएगा.

### उप मुख्यमंत्री ने किया प्राकृतिक खेती का निरीक्षण

**रीवा, 2 मई,** उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने आज हरिहर धाम स्थित अपने निजी खेत का भ्रमण कर वहां अपनाई जा रही प्राकृतिक खेती की प्रगति का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने खेत में इस्तेमाल हो रहे प्राकृतिक खाद और जीवामृत के निर्माण व प्रयोग की प्रक्रिया का बारीकी से अवलोकन किया. श्री शुक्ल ने मिट्टी की उर्वरता बनाए रखने और जल संरक्षण के लिए अपनाए गए विशेष उपायों की सराहना करते हुए कहा कि प्राकृतिक खेती सभी को करनी चाहिये.

# मऊगंज में 23 पेटी अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, मऊगंज में नशे के खिलाफ अभियान को तेज़ करते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस ने शराब तस्करी के बड़े खेल का भंडाफोड़ किया है.**

मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने चाक रोड स्थित शराब दुकान के पास एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार की घेराबंदी की. हालांकि पुलिस को देखते ही कार सवार भागने लगे, लेकिन पुलिस की मुस्तैदी से दोनों आरोपियों को दबोच लिया गया. कार्यवाही के दौरान तलाशी में कार से 15 पेटी देसी और 8 पेटी अंग्रेजी, कुल 23 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है. पुलिस के अनुसार एक दूसरी कार आगे पायलटिंग कर रही थी, जो मौके से फरार हो गई. फिलहाल गिरफ्तार आरोपियों की पहचान गौरव सिंह निवासी बराव, शाहपुर और मार्तंड सिंह गहरवार निवासी चाँद खमरिया, खीरी, प्रयागराज के रूप में हुई है. बताया जा रहा है की गिरफ्तार आरोपी मार्तंड, मैहर की जिगना शराब दुकान का मैनेजर है. फिलहाल पुलिस के प्राथमिक जांच में सामने आया कि दूसरे जिलों एस शराब की खेप मंगाकर क्षेत्र में पैकारी कराई जा रही थी.

### डिवाइडर तोड़ घर में घुसा ट्रेलर

रीवा मनगवां हाइवे पर ग्राम बेलबा के पास अनियंत्रित ट्रेलर सड़क के दूसरी छोर से डिवाइडर को पार करते हुए घर पर जा घुसा. हालांकि इस दौरान एक बड़ा हादसा टल गया और किसी भी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है मकान जरूर क्षतिग्रस्त हुआ है. घटना के प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि उक्त ट्रेलर काफी तेज रफ्तार में था जिस वजह से अनियंत्रित होकर डिवाइडर को पार करते हुए सड़क के दूसरी छोर आकर माकान को तोड़ता हुआ अंदर घुस गया. बताया गया कि इस हादसे में ट्रक चालक मामूली रूप से घायल हुआ है.

# विंध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने कहा मिल कर करेंगे विकास



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के नव नियुक्त अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति एवं उपाध्यक्ष द्वय डॉ. अजय सिंह, संजय तीर्थवानी का प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यालय अटल कुंज में स्वागत किया गया.**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला रहे, अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने किया. संचालन भाजपा जिला महामंत्री विवेक गौतम ने किया. उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि विन्ध्य में विकास का रथ पहले से ही तेजी से दौड़ रहा था, वही विन्ध्य विकास प्राधिकारण के आने इसकी गति और तेज होगी. भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सपनो को 2047 तक विकसित भारत के सपनों को पूरा करने में विन्ध्य विकास प्राधिकारण का भी सहयोग होगा. भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ताओं के अथक मेहनत का नतीजा है कि आज पार्टी इस मुकाम में पहुंची है. विन्ध्य विकास प्राधिकारण के अध्यक्ष पंचूलाल प्रजापति ने कहा कि मुझ जैसे कार्यकर्ता को यह अवसर मिला है. उपाध्यक्ष द्वय डॉ. अजय सिंह व संजय तीर्थवानी ने विन्ध्य के विकास को तेज गति से किये जाने को कहा. कार्यक्रंम में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती नीता कोल, ननि अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, कमलेश्वर सिंह, राम सिंह, पूर्व विधायक पन्नाबाई सहित आदि मौजूद रहे.

# लाड़ली लक्ष्मी दिवस पर केन्द्रों में हुआ लाड़ली उत्सव

**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, 'लाड़ली लक्ष्मी दिवस' के उपलक्ष्य में जिले भर में 'लाड़ली उत्सव' का आयोजन किया गया. जिला स्तरीय मुख्य कार्यक्रम वन स्टॉप सेंटर रीवा में संपन्न हुआ.**

जिले के लिए गौरव का विषय रहा कि जिला मुख्यालय के साथ-साथ समस्त परियोजना मुख्यालयों, सेक्टर मुख्यालयों और जिले के सभी 2400 आंगनवाड़ी केंद्रों पर एक साथ यह उत्सव मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में बालिकाओं और उनकी माताओं ने सहभागिता की. वन स्टॉप सेंटर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति की अध्यक्ष श्रीमती मीनाक्षी मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं. कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री नयन सिंह ने की. इस अवसर पर बाल संप्रेक्षण गृह की अधीक्षिका श्रीमती अर्चना पचौरी, वन स्टॉप सेंटर की प्रशासक श्रीमती श्रुति मिश्रा और सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती प्रभा शुक्ला मौजूद रही.

# उप मुख्यमंत्री ने स्थापित अत्याधुनिक मशीनों का लिया जायजा



**नवभारत न्यूज**
**रीवा, 2 मई, विंध्य क्षेत्र के सबसे बड़े चिकित्सा केंद, संजय गांधी अस्पताल के गैस्ट्रोएंटरोलॉजी विभाग ने चिकित्सा क्षेत्र में एक नई और उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है.**

हाल ही में स्थापित अत्याधुनिक मशीनों की सहायता से विभाग ने एक माह से भी कम समय में 61 से अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण प्रक्रियाओं को सफलतापूर्वक संपन्न किया है. उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वयं विभाग का निरीक्षण कर इन उपलब्धियों और स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया. इस दौरान उन्होंने उन्नत ईआरसीपी, एंडोस्कोपिक अल्ट्रासाउंड, कोलैन्जियोस्कोपी और लिथोट्रिप्सी जैसी मशीनों की कार्यप्रणाली का अवलोकन किया और विभाग की दक्षता की सराहना की. मध्यप्रदेश के सबसे उन्नत 'एडवांस्ड गैस्ट्रोएंटरोलॉजी स्किल लैब' के माध्यम से अस्पताल ने न केवल अपनी कार्यक्षमता में वृद्धि की है, बल्कि गंभीर रूप से बीमार रोगियों के लिए जीवनदायिनी भी सिद्ध हुआ है.

सफल रही 61 प्रक्रियाओं में से एक बड़ी संख्या उन जीवन-रक्षक हस्तक्षेपों की है, जिनमें सक्रिय रक्तस्राव से जूझ रहे मरीजों का समयबद्ध एंडोस्कोपिक हीमोस्टेसिस किया गया. यदि ये आधुनिक सुविधाएं यहाँ उपलब्ध न होतीं, तो मरीजों को अन्य बड़े शहरों के केंद्रों में रेफर करना अनिवार्य हो जाता, जिससे उपचार में देरी के साथ-साथ मरीजों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ और जान-माल का खतरा भी बना रहता. वर्तमान में यह विभाग विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ. एम. एच. उस्मानी के कुशल नेतृत्व और सह-प्राध्यापक डॉ. प्रदीप निगम के सहयोग से अपनी अधिकतम परिचालन क्षमता पर कार्य कर रहा है.